22961
1-4-22

दिनांक 31.03.2022

सेवा में,
जनसूचना आधिकारी
(नियोजन अनुभाग)

विषयः— जनसूचना के अन्तर्गत आपका गलत विषय पर दी गयी सूचना हेतु
संदर्भः— पत्र संख्या 897 दिनांक 25.03.2022

अवगत कराना है कि हमारा पत्र दिनांक 27.12.2021 कर संज्ञान लें। (कॉपी संलग्न है) हमें आपके विभाग द्वारा पत्र संख्या 897 में यह सूचना दी गई है कि नियोजन खसरावार नही किया जाता है। हमारे द्वारा दिये गये पत्र में नियोजन के विषय में किसी भी प्रकार की जानकारी नही मॉगी गयी है।

मुझे आश्चर्य है कि खसरावार नियोजन सम्बन्धी कोई जानकारी ना मांगने के बावजूद आपके द्वारा दिये गये जवाब का क्या औचित्य है।

अतः इसको स्पष्ट करते हुए आप से अनुरोध है कि आप इस पत्र को पुनः विचार करते हुए हमे उचित जानकारी प्राप्त कराने की कृपा करें।

आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद।

(प्रार्थी)

अमित कुमार
67, नवयुग मार्किट,
गाजियाबाद–201001

PIO Planning
4/4/22

PIO Plg
4.4.22

सेवा में

दिनांक-27.12.2021

श्रीमान जनसूचना अधिकारी
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सेक्टर -6 नोएडा गौतमबुद्ध नगर

विषय-जनसूचना अधिकार अधिनियम -2005 के अंतर्गत सूचना देने हेतु

खसरा न० 34,60,61 एवं 62 ग्राम लुहारली तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर के विषय में निम्न सूचना / जानकारी देने हेतु

1. क्या उक्त ग्राम ग्रेटर नॉएडा विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आता है
2. क्या उक्त ग्राम ग्रेटर नॉएडा विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2021 के अंतर्गत आता है
3. यदि उक्त ग्राम ग्रेटर नॉएडा विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2021 में आता है तो उपरोक्त खसरा न० 34,60,61 एवं 62 का प्रस्तावित भू उपयोग किस प्रयोजन के लिए निर्धारित किया गया है
4. क्या प्राधिकरण उपरोक्त खसरो को अधिग्रहण करने सम्बन्धी कोई योजना अथवा निर्माण किया गया है
5. उक्त खसरो के निर्माण के लिए क्या प्राधिकरण **वर्तमान** में मानचित्र स्वीकृति के लिए सक्षम है

उक्त जानकारी देने के लिए पोस्टल आर्डर संख्या . **56F 272928,56F 272929** दिनांक. 27.12.2021.रुपये **20/-** संलग्न है

धन्यवाद

प्रार्थी

अमित कुमार
67, नवयुग मार्किट
गाजियाबाद

भारतीय डाक
India Post

EU543374057IN IVR:6985543374057
SP GHAZIABAD HD <201001>
Counter No:5,27/12/2021,15:51
To:PIO ODHOGIK V,SEC 6
PIN:201301, Noida HO
From:AMIT KUMAR ,GZB
Wt:15gms
Amt:17.70(Cash)Tax:2.70
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Dial 18002666868> <Wear Masks, Stay Safe>

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01 सैक्टर–नॉलेज पार्क–4 ग्रेटर नौएडा सिटी,
गौतमबुद्ध नगर

पत्रांकः नियो0 / आर0टी0आई / 2022 / 897
दिनांक. 25/3/2022

सेवा में,

श्री अमित कुमार
67 नवयुग मार्किट
गजियाबाद–201001

विषयः– जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के आर0टी0आई0 पत्र संख्या–20227 के सम्बन्ध में।

कृपया नवीन-ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण विभाग के पत्र दिनांक 14.01.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें उनके द्वारा पत्रांकः–नौएडा/आर0टी0आई0 / 2022 / 375 के पत्र के माध्यम से सूचना हेतु नियोजन विभाग को प्रेषित की गयी है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि नियोजन खसरावार नही किया जाता है। अतः सूचना दिया जाना सम्भव नही है।

सहा0 जन सूचना अधिकारी
(नियोजन अनुभाग)

प्रतिलिपिः

- नोडल अधिकारी सी0आर0सेल0 को आर0टी0आई के निस्तारण के सम्बन्ध में ।

सहा0 जन सूचना अधिकारी

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर 6, नौएडा, गौतमबुद्धनगर

पत्रांकः नौएडा/आर0टी0आई0/2022/
दिनांकः 14/1/22

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी
ग्रेटर नोएडा, औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
एच-169, चितवन एस्टेट, सैक्टर गामा-2,
ग्रेटर नोएडा सिटी (गौतमबुद्धनगर)

विषयः- <u>सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा-6 (3) के अन्तर्गत आवेदन पत्र अन्तरित किये जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक श्री अमित कुमार के पत्र दिनांक 27.12.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। इस संबंध में अवगत कराना है कि आवेदक द्वारा आर0टी0आई0 आवेदन के तहत मांगी गई सूचना की विषयवस्तु ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से संबंधित प्रतीत होती है।

अतः सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत उक्त आवेदन पत्र मूल रूप में आपको इस आशय से अग्रसारित किया जा रहा है कि कृपया आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना अपने स्तर से सीधे आवेदक को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–आर0टी0आई0 आवेदन पत्र एवं
पोस्टल आर्डर सं0 56एफ 272928
मूल रूप में। 56एफ 272925

(एल0पी0 सिंह)
सहायक महाप्रबंधक (आर0टी0आई0)

प्रतिलिपिः-
1. श्री अमित कुमार,
पता–67, नवयुग मार्किट,
गाजियाबाद, उ0प्र0 को सूचनार्थ।

सहायक महाप्रबंधक (आर0टी0आई0)